रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

# CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **जंतुओं में मूत्र निर्माण का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

Ans A). भोजन को पचाना और अवशोषित करना B). भविष्य उपयोग के लिए ऊर्जा संग्रहीत करना C). हार्मोन उत्पादन करना D). हानिकारक चयापचय अपशिष्ट को हटाना

**Correct Answer: D**

**Q.2** **किसी जनित्र में, यदि कुंडली को समान चुंबकीय क्षेत्र में मूल चाल की दोगुनी चाल से घुमाया जाता है, तो परिणाम क्या होगा?**

Ans A). कुंडली का प्रतिरोध आधा हो जाएगा B). धारा की दिशा उत्क्रमित हो जाएगी C). प्रेरित विभवांतर दोगुना हो जाएगा D). चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य दोगुना हो जाएगा

**Correct Answer: C**

**Q.3** **यदि ग्रासनली (Oesophagus) में पुरःसरण संचलन बाधित हो जाए, तो भोजन के चबाने और निगलने के बाद उसके साथ क्या होने की सबसे अधिक संभावना है?**

Ans A). भोजन कुशलतापूर्वक आमाशय तक नहीं पहुँच पाएगा। B). भोजन का पाचन तेजी से होगा। C). लार में वृद्धि होगी। D). स्टार्च का विखंडन अधिक शीघ्रता से होगा।

**Correct Answer: A**

**Q.4** **सादृश्य को पूर्ण कीजिए।**
**राइबोसोम: प्रोटीन संश्लेषण:: माइटोकॉन्ड्रिया: __________**

Ans A). अपशिष्ट निष्कासन B). DNA प्रतिकृति C). ऊर्जा उत्पादन D). कोशिका विभाजन

**Correct Answer: C**

**Q.5** **ऐल्कोहॉल का कौन-सा गुण इसे वाहनों में वैकल्पिक ईंधन के रूप में उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है?**

Ans A). यह एक गैसीय ईंधन है। B). यह स्वच्छ रूप से जलता है, जिससे धुआं और हानिकारक गैसें कम उत्पन्न होती हैं। C). इसका क्वथनांक जल की तुलना में कम होता है। D). यह पेट्रोल से भारी होता है।

**Correct Answer: B**

**Q.6** **एक डॉक्टर अस्थिभंग हुई भुजा के लिए कास्ट तैयार कर रहा है। इस उद्देश्य के लिए सीमेंट या चूने की तुलना में प्लास्टर ऑफ पेरिस को क्यों प्राथमिकता दी जाती है?**

Ans A). यह शीघ्रता से सेट हो जाता है और एक कठोर, संबल प्रदान करने वाला ढांचा बनाता है B). यह सीमेंट से भारी होता है C). जल के साथ मिलाने पर यह ऊष्मा उत्पन्न करता है D). यह अधिक रंगीन होता है

**Correct Answer: A**

**Q.7** **पौधों को जल और खनिजों के लिए एक विशेषीकृत परिवहन तंत्र की आवश्यकता क्यों होती है?**

Ans A). क्योंकि लंबे पौधों में लंबी दूरी के लिए केवल विसरण अपर्याप्त है B). क्योंकि पौधों में विसरण नहीं होता है C). क्योंकि पौधे गति करते हैं और उन्हें संपूर्ण शरीर में शीघ्रता से परिवहन की आवश्यकता होती है D). क्योंकि पौधों को जंतुओं की तरह उच्च ऊर्जा की आवश्यकता होती है

**Correct Answer: A**

**Q.8 जीवों का कौन-सा समूह, भोजन के लिए पूर्णतः और प्रत्यक्ष रूप से उत्पादकों पर निर्भर करता है?**

Ans A). शाकाहारी B). मांसाहारी C). अपघटक D). सर्वाहारी

Correct Answer: A

**Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प किसी वृत्तीय पथ के परितः नियत चाल से चल रही कार की गति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). कार एकसमान वृत्तीय गति से चलती है क्योंकि इसकी चाल नियत रहती है, लेकिन इसकी दिशा निरंतर बदलती रहती है।

B). कार एकसमान गति से चल रही है क्योंकि उसका वेग, परिमाण और दिशा दोनों में नियत है।

C). कार असमान गति का अनुभव करती है क्योंकि यह नियत चाल से वक्रित पथ पर गति करती है।

D). कार एक सीधी रेखा में नियत चाल से चलती है क्योंकि इसकी दिशा कभी नहीं परिवर्तित होती है।

Correct Answer: A

**Q.10 जब किसी तार की लंबाई दोगुनी कर दी जाए जबकि उसका पदार्थ और अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल स्थिर रहे, तो उसके प्रतिरोध पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

Ans A). प्रतिरोध दोगुना हो जाता है B). प्रतिरोध आधा हो जाता है C). प्रतिरोध चार गुना हो जाता है D). प्रतिरोध अपरिवर्तित रहता है

Correct Answer: A

**Q.11 एक वस्तु पर 7 N का बल कार्य करता है, जो इसे बल की दिशा में 8 m विस्थापित करता है। किया गया कार्य ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 56 J B). 27 J C). 15 J D). 1 J

Correct Answer: A

**Q.12 एक नैदानिक वनस्पतिज्ञ को किसी पादप को उसके कुल (family) से पहचानना आवश्यक है। वर्गीकरण पदानुक्रम में कुल से ठीक उच्चतर निम्नलिखित में से कौन-सा वर्गिकीय रैंक (taxonomic ranks) है?**

Ans A). जाति (Species) B). कृषिजोपजाति (Cultivar) C). गण (Order) D). वंश (Genus)

Correct Answer: C

**Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिका संरचना मुख्य रूप से सुकेंद्रकी कोशिकाओं के आकार को बनाए रखने और आलंब प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है?**

Ans A). कोशिका रस B). केंद्रकाभ C). कोशिका-पंजर D). DNA

Correct Answer: C

**Q.14 एक बिंब (वस्तु) 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल लेंस से 15 cm की दूरी पर रखा है। लेंस द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति तथा स्थिति क्या है?**

Ans A). प्रतिबिंब आभासी, सीधा तथा लेंस से बिंब की ओर ही 6 cm की दूरी पर अवस्थित है।

B). प्रतिबिंब वास्तविक, सीधा तथा लेंस से बिंब की ओर ही 8 cm की दूरी पर अवस्थित है।

C). प्रतिबिंब आभासी, उल्टा तथा लेंस से बिंब के विपरीत पक्ष में 12 cm की दूरी पर अवस्थित है।

D). प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा तथा लेंस से बिंब के विपरीत पक्ष में 20 cm की दूरी पर अवस्थित है।

Correct Answer: A

**Q.15 कोई धावक 20 सेकंड में 60 मीटर उत्तर की ओर और फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर गति करती है। उसकी औसत चाल और औसत वेग के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). औसत चाल शून्य है B). औसत चाल, औसत वेग के बराबर है C). औसत चाल, औसत वेग से अधिक है D). औसत चाल, औसत वेग से कम है

Correct Answer: C

**Q.16 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए:**

**अभिकथन (A): लाखों वर्ष पूर्व से पृथ्वी के नीचे दबे वृक्षों और पादपों से कोयले का निर्माण हुआ है।**

**कारण (R): समय के साथ ऊष्मा और दाब ने पादपों के अवशेषों को कोयले में परिवर्तित कर दिया।**

Ans A). A असत्य है, लेकिन R सत्य है। B). A सत्य है, लेकिन R असत्य है। C). A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

D). A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।

Correct Answer: D

**Q.17 पश्चिमी घाट के एक वन्यजीव रिजर्व में वन आवरण का तीव्रता से ह्रास हो रहा है। कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है कि यह क्षेत्र वैश्विक संरक्षण के लिए प्राथमिकता क्यों है?**

Ans A). यह एक विशाल क्षेत्र है जिसमें केवल व्यापक रूप से वितरित प्रजातियां पाई जाती हैं

B). यह एक शुष्क मरुस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र है जिसमें बहुत कम प्रजातियां पाई जाती हैं

C). यह जैव विविधता का एक अतिक्षेत्र है जिसमें कई स्थानिक प्रजातियां पाई जाती हैं

D). यह प्रवासी पक्षियों द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है

Correct Answer: C

**Q.18** **रासायनिक परिवर्तनों में ऑक्सीकरण और अपचयन अभिक्रियाएँ सदैव एक साथ क्यों होती हैं?**

**Ans** A). क्योंकि एक पदार्थ जिसका परित्याग करता है, उसको दूसरा पदार्थ ग्रहण करता है B). अभिक्रिया के संतुलित होने के लिए C). ऊर्जा संरक्षण नियम के कारण D). उत्पादों के उदासीन होने के लिए

**Correct Answer: A**

**Q.19** **निम्नलिखित में से कौन-सा कोलॉइडी विलयन का एक सही गुणधर्म है?**

**Ans** A). विलेय कुछ समय बाद तल पर बैठ जाता है। B). कण प्रकाश की किरण को प्रकीर्णित करते हैं। C). विलेय को निस्यंदन विधि द्वारा पृथक किया जा सकता है। D). विलेय के कण सूक्ष्मदर्शी से दिखाई नहीं देते हैं।

**Correct Answer: B**

**Q.20** **रासायनिक सूत्रों के निर्माण में संयोजकता का महत्व किसमें निहित होता है?**

**Ans** A). यौगिक निर्माण के दौरान मुक्त ऊर्जा के पूर्वानुमान में B). यह निर्धारित करने में कि तत्वों के परमाणु एक दूसरे के साथ किस प्रकार संयुक्त होते हैं C). केवल आबन्ध कोणों का उपयोग करके आण्विक ज्यामिति की पहचान करने में D). गैसीय स्थिति में परमाणुओं की अभिक्रियता दर को मापने में

**Correct Answer: B**

**Q.21** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, किसी बड़े ऑडिटोरियम में भाषण (speech) के दौरान अत्यधिक अनुरणन के प्रभाव का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans** A). यह संगीत को तीक्ष्ण और अधिक विशिष्ट बनाकर उसकी गुणवत्ता में सुधार करता है
B). यह श्रोताओं को इच्छित अवधि से कम अवधि के लिए ध्वनि सुनने की सुविधा देता है
C). यह बोले गए शब्दों के अतिव्यापन का कारण बनता है और श्रोताओं के लिए अस्पष्ट हो जाता है
D). यह उपस्थित सभी लोगों के लिए वक्ता की आवाज की मात्रा को बढ़ाता है

**Correct Answer: C**

**Q.22** **दिए गए समस्थानिक अनुपात और द्रव्यमान के आधार पर, क्लोरीन परमाणु का औसत परमाणु द्रव्यमान _________ होता है।**

**Ans** A). 36 u B). 34.5 u C). 37 u D). 35.5 u

**Correct Answer: D**

**Q.23** **जिंक की परत क्षतिग्रस्त होने पर भी यशदलेपन (galvanisation) में लोहा (Iron) जंग से सुरक्षित क्यों रहता है?**

**Ans** A). जिंक, जल के साथ अधिक तेजी से अभिक्रिया करता है B). जिंक अधिमानतः संक्षारित होता है C). जिंक, ऑक्सीजन के संपर्क को रोकता है D). जिंक, लोहे की कठोरता बढ़ाता है

**Correct Answer: B**

**Q.24** **एक कार चालक पीछे के वाहनों को देखने के लिए पश्च दृश्य दर्पण (rear-view mirror) का उपयोग करता है। यदि इस दर्पण को उसी आकार के अवतल दर्पण से बदल दिया जाए, तो बहुत पीछे की कार के प्रतिबिंब के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम सबसे अधिक संभावित है?**

**Ans** A). प्रतिबिंब सदैव आभासी, सीधा और आवर्धित होगा। B). प्रतिबिंब उल्टा दिखाई देगा और स्थिति के आधार पर दीर्घ या लघु हो सकता है। C). प्रतिबिंब सदैव आभासी, सीधा और छोटा होगा। D). प्रतिबिंब सदैव आभासी, उल्टा और छोटा होगा।

**Correct Answer: B**

**Q.25** **एक कारखाना प्रबंधक दो मशीनों की तुलना कर रहा है जो समान कार्य करती हैं। मशीन A को कार्य पूर्ण करने में मशीन B से अधिक समय लगता है। शक्ति की परिभाषा के आधार पर, प्रबंधक को यह निर्धारित करने के लिए किस कारक पर विचार करना चाहिए कि कौन-सी मशीन अधिक शक्तिशाली है?**

**Ans** A). प्रत्येक मशीन द्वारा उपयोग की जाने वाली ऊर्जा की मात्रा B). प्रत्येक मशीन का द्रव्यमान C). प्रत्येक मशीन द्वारा किया गया कुल कार्य D). वह दर जिस पर प्रत्येक मशीन कार्य करती है

**Correct Answer: D**

**Q.26** **₹1,200 की धनराशि पर 6% मासिक ब्याज दर से 11 महीने का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 86 B). 792 C). 132 D). 66

**Correct Answer: B**

**Q.27** **यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 49 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।**

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 50 | 42 | 37 | 41 | x |

**Ans** A). 565 B). 587 C). 559 D). 547

**Correct Answer: A**

Q.28 यदि 14 cm व्यास वाले वृत्त के चाप की लंबाई $3\frac{2}{3}$ cm है, तो इस चाप द्वारा निर्मित त्रिज्यखंड के क्षेत्रफल का दोगुना ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{77}{5}$ B). $\frac{77}{2}$ C). $\frac{77}{9}$ D). $\frac{77}{3}$

Correct Answer: D

Q.29 यदि $81^{0.4} = x$, $81^{0.78} = y$ और $x^z = y^2$ है, तो z का मान किसके निकटतम है?

Ans A). 2.9 B). 1.9 C). 4.9 D). 3.9

Correct Answer: D

Q.30 तीन मित्रों, अमित, सुमित और रोहित ने क्रमशः ₹4,000, ₹6,000 और ₹8,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। वर्ष के अंत में, उन्हें ₹9,000 का लाभ हुआ। लाभ में सुमित का हिस्सा कितना है?

Ans A). ₹3,000 B). ₹4,000 C). ₹4,500 D). ₹2,000

Correct Answer: A

Q.31 पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 24 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 24 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू किए जाते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 4 B). 1 C). 2 D). 3

Correct Answer: B

Q.32 एक नाव एक निश्चित दूरी तय करती है। धारा की दिशा में यात्रा करने में नाव द्वारा लगने वाले समय और धारा की विपरीत दिशा में यात्रा करने में नाव द्वारा लगने वाले समय का अनुपात 5 : 7 है। यदि धारा की दिशा में चाल 21 km/h है, तो स्थिर जल में नाव की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 13 km/h B). 12 km/h C). 18 km/h D). 9 km/h


Correct Answer: C

Q.33 चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 73% और 79% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 49% और 32% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 14% और 92% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 76%, 49% और 55% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान सबसे कम कीमत पर कुकर बेच रही है?

Ans A). II B). IV C). I D). III

Correct Answer: B

Q.34 दिए गए पाई चार्ट दो स्कूलों A और B का विवरण दर्शाते हैं, जिनमें क्रमशः 300 और 200 विद्यार्थी हैं, तथा साथ ही विद्यार्थियों के पसंदीदा विषयों का प्रतिशत-वार बंटन भी दिखाते हैं। चार्टों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




स्कूल A के उन विद्यार्थियों की कुल संख्या, जिनके पसंदीदा विषय गणित या अंग्रेज़ी हैं, तथा स्कूल B के उन विद्यार्थियों की कुल संख्या, जिनके पसंदीदा विषय विज्ञान या अंग्रेज़ी हैं, के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans A). 38 B). 43 C). 52 D). 49

Correct Answer: C

Q.35 निम्नलिखित मदों से माध्य की गणना कीजिए।

**163, 141, 155, 175, 186**

Ans A). 164 B). 160 C). 162 D). 166

Correct Answer: A

**Q.36** रसायनों के एक मिश्रण में रसायन X और रसायन Y हैं। यदि 3 L रसायन Y मिलाया जाता है, तो रसायन X की मात्रा 40% हो जाती है। यदि इसके स्थान पर 3 L रसायन X मिलाया जाता है, तो रसायन X की मात्रा 50% हो जाती है। मिश्रण की प्रारंभिक मात्रा ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 21 L | B). 22 L | C). 27 L | D). 25 L

**Correct Answer: C**

**Q.37** सुधा का व्यय उसकी बचत से 150% अधिक है। यदि उसके व्यय में 7% की कमी हो जाती है और बचत में 21% की वृद्धि हो जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

**Ans** A). 5% | B). 3% | C). 6% | D). 1%

**Correct Answer: D**

**Q.38** एक लंबी दूरी की ट्रेन में प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के यात्रियों का अनुपात 2 : 3 : 5 है। इन तीनों श्रेणियों के टिकटों का किराया 8 : 7 : 3 के अनुपात में है। यदि टिकटों की बिक्री से एकत्र कुल राजस्व ₹96,200 है, तो द्वितीय श्रेणी के टिकटों से प्राप्त राजस्व की राशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹42,600 | B). ₹39,800 | C). ₹42,000 | D). ₹38,850

**Correct Answer: D**

**Q.39** यदि $\sqrt{x^2 - 21^2} - \sqrt{7.29} = 17.3$ है, तो x का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 27 | B). 29 | C). 19 | D). 21

**Correct Answer: B**

**Q.40** एक ठोस गोले के पृष्ठ को रंगने के लिए चार लीटर पेंट की आवश्यकता थी। यदि इस ठोस गोले को 4 एकसमान टुकड़ों में काटा गया है, तो इन 4 टुकड़ों के सभी पृष्ठों को रंगने के लिए कितने लीटर पेंट की आवश्यकता होगी?

**Ans** A). 8 | B). 16 | C). 6 | D). 12

**Correct Answer: A**

**Q.41** यदि sin A + cos A = √2 है, तो sin A - cos A का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 0.75 | B). -0.6 | C). 0 | D). -0.75

**Correct Answer: C**

**Q.42** एक बैंक 6.9% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज देता है, जो अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कोई ग्राहक एक वर्ष की 1 जनवरी को ₹9,688 और 1 जुलाई को ₹9,688 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में कितनी राशि प्राप्त होगी? (अपने उत्तर को निकटतम पैसे तक पूर्णांकित करें।)

**Ans** A). ₹1,025.70 | B). ₹1,014.24 | C). ₹1,022.06 | D). ₹1,021.44

**Correct Answer: B**

**Q.43** एक बेलन की त्रिज्या $33\frac{1}{3}$% बढ़ाई जाती है और उसकी ऊँचाई x% घटाई जाती है, जिससे बेलन का आयतन अपरिवर्तित रहता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 41.25 | B). 44.15 | C). 42.5 | D). 43.75

**Correct Answer: D**

**Q.44** किसी शहर की जनसंख्या एक वर्ष में 64,000 से बढ़कर 93,500 हो जाती है। जनसंख्या में हुई प्रतिशत वृद्धि (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) की गणना कीजिए।

**Ans** A). 46.56% | B). 46.09% | C). 46.39% | D). 46.64%

**Correct Answer: B**

**Q.45** राधिका ने ₹5,800 की धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज दर (वार्षिक रूप से संयोजित) पर 2 वर्षों के लिए निवेश की। यदि 2 वर्षों के अंत में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज ₹594.50 है, तो वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 6.3% | B). 5.6% | C). 4% | D). 5%

**Correct Answer: D**

**Q.46** एक ट्रेन 63 km/h की चाल से एक प्लेटफार्म को पार करने में 30 सेकंड का समय लेती है। इसके बाद ट्रेन, जिस दिशा में चल रही है, उसी दिशा में 9 km/h की चाल से साइकिल चला रहे एक व्यक्ति को पार करने में 18 सेकंड का समय लेती है। ट्रेन की लंबाई और प्लेटफार्म की लंबाई का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 : 7 | B). 10 : 9 | C). 21 : 19 | D). 18 : 17

**Correct Answer: D**

**Q.47** निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए:
$(x + 3)^2 - x^2 - 9 - 6x$

**Ans** A). 0 | B). 9 | C). 3x | D). 6x

**Correct Answer: A**

**Q.48** संख्याओं के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा, सह-अभाज्य है?

**Ans** A). 119, 239 | B). 30, 201 | C). 49, 217 | D). 48, 111

**Correct Answer: A**

**Q.49** यदि A एक न्यून कोण है, तो निम्नलिखित व्यंजक का मान क्या है?

$$\frac{1 + \cos A}{1 - \cos A} - 2 \cot A \operatorname{cosec} A$$

**Ans** A). $\operatorname{cosec}^2 A - \cot^2 A$ B). $\cot^2 A$ C). $\operatorname{cosec}^2 A$ D). $\operatorname{cosec}^2 A + \cot^2 A$

**Correct Answer: D**

---

**Q.50** एक विक्रेता एक रुपये में 20 चॉकलेट बेचकर 100% का लाभ अर्जित करता है। उसने मूल रूप से एक रुपये में कितनी चॉकलेट खरीदी थीं?

**Ans** A). 42 B). 44 C). 40 D). 46

**Correct Answer: C**

---

**Q.51** निम्नांकित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) P E X N \ P X K M ? + T A T C ^ J \ + J ^ (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक अक्षर है?

**Ans** A). दो B). एक C). चार D). तीन

**Correct Answer: A**

---

**Q.52** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

PAN LIP EGG HAT

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

**Ans** A). एक भी नहीं B). दो C). तीन D). चार

**Correct Answer: B**

---

**Q.53** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
70 ÷ 2 + 150 × 3 − 8 = ?

**Ans** A). 118 B). 78 C). 98 D). 108

**Correct Answer: C**

---

**Q.54** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). LN - KM B). NP - MO C). OQ - PV D). HJ - GI

**Correct Answer: C**

---

**Q.55** अनीता बिंदु A से शुरू करके उत्तर की ओर 6 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़कर, 5 km ड्राइव करती है, फिर दाएं मुड़कर, 11 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़कर, 8 km ड्राइव करती है। अंत में वह दाएं मुड़कर, 5 km ड्राइव करती है और बिंदु B पर रुकती है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के होंगे।)

**Ans** A). 3 km पूर्व की ओर B). 5 km उत्तर की ओर C). 5 km पूर्व की ओर D). 3 km उत्तर की ओर

**Correct Answer: A**

---

**Q.56** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) G Ω M % I # D K $ H E ω E S ± E % U $ Z % U S # V (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में एक व्यंजन भी है?

**Ans** A). एक भी नहीं B). दो C). तीन D). एक

**Correct Answer: B**

---

**Q.57** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

21 ÷ 6 - 312 × 6 + 49 = ?

**Ans** A). 137 B). 133 C). 139 D). 129

**Correct Answer: D**

---

**Q.58** यदि शब्द SOUNDTRACK के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). एक B). दो C). चार D). तीन

**Correct Answer: A**

**Q.59** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ प्लायर, रिंच हैं।
सभी रिंच, हथौड़ा हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ हथौड़ा, प्लायर हैं।
(II) कोई भी हथौड़ा, प्लायर नहीं है।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

**Correct Answer: C**

---

**Q.60** यदि शब्द TRADITIONAL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). चार B). एक C). तीन D). दो

**Correct Answer: D**

---

**Q.61** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 134 का संबंध 403 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 117 का संबंध 352 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 192 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना तथा फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 548 B). 524 C). 577 D). 536

**Correct Answer: C**

---

**Q.62** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) P R B F U P F B Z D O A X F I I E R C K V (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद एक स्वर है?

**Ans** A). दो B). तीन C). एक भी नहीं D). एक

**Correct Answer: A**

---

**Q.63** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उसी प्रकार से, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, उसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए प्रश्न में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

18 - 36 - 108 - 118
24 - 48 - 144 - 154

**Ans** A). 28 - 38 - 76 - 86 B). 27 - 54 - 128 - 148 C). 26 - 52 - 62 - 124 D). 25 - 50 -150 - 160

**Correct Answer: D**

---

**Q.64** U, V का पिता है। V, W की माता है। W, X का भाई है। U का X से क्या संबंध है?

**Ans** A). माता B). माता का पिता C). पिता D). पिता की माता

**Correct Answer: B**

---

**Q.65** G, H, I, J, K, L और M में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
G की परीक्षा बुधवार को होती है। G और L के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। H से ठीक पहले दिन को I की परीक्षा होती है, I और K के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। J की परीक्षा M से पहले होती है।
M की परीक्षा किस दिन होती है?

**Ans** A). शनिवार B). गुरुवार C). शुक्रवार D). रविवार

**Correct Answer: D**

Q.66 नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NJM : SHJ
UNQ : ZLN

Ans A). DLP : IJL B). GPM : LNI C). FIL : KFI D). MSV : RQS

Correct Answer: D

Q.67 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र से विमुख होकर बैठे हैं। C, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans A). D B). B C). F D). E

Correct Answer: A

Q.68 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : RWG :: WBL : %

Ans A). # = INX , % = HKU B). # = INX , % = FKU C). # = INX , % = FKV D). # = LNX , % = FKU

Correct Answer: B

Q.69 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
R की परीक्षा गुरुवार के बाद किसी एक दिन है, लेकिन शनिवार को नहीं है। R और Q के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा Q से ठीक पहले है। V से पहले जितने व्यक्तियों की परीक्षा है, U के बाद भी उतने ही व्यक्तियों की परीक्षा है। P की परीक्षा T से ठीक पहले है। T और S के बीच दो से अधिक व्यक्तियों की परीक्षा है। मंगलवार को किसकी परीक्षा है?

Ans A). P B). V C). T D). Q

Correct Answer: C

Q.70 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). PSV B). DGJ C). LNQ D). NQT

Correct Answer: C

Q.71 एक निश्चित तरीके से, OF 10 का संबंध QC -1 से है। उसी प्रकार, JL 17 का संबंध LI 6 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KM 5 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A). CF -4 B). HY -7 C). MJ -6 D). VJ -5

Correct Answer: C

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में, 'do your task fast' को 'ar nm by pu' के रूप में और 'task is very tough' को 'gt ol cx nm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'task' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो अक्षरों के कूट हैं।)

Ans A). gt B). nm C). ol D). ar

Correct Answer: B

Q.73 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
P, I के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। K के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। K और Z के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Z और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, I के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है।
J और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). चार B). दो C). एक D). तीन

Correct Answer: D

Q.74 उत्तर की ओर अभिमुख होकर, एक के पीछे एक खड़े कुल 18 विद्यार्थियों की पंक्ति में, राहुल के पीछे 4 विद्यार्थी थे। पंक्ति में आगे से राहुल का स्थान कौन-सा था?

Ans A). 14वां B). 13वां C). 15वां D). 12वां

Correct Answer: A

Q.75 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
SYE GEM TAP KIT
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पूर्ववर्ती दूसरे अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans A). चार B). तीन C). दो D). एक

Correct Answer: C

**Q.76** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + Y @ R - B # G' है, तो D का G से क्या संबंध है?

Ans A). भाई की पत्नी B). भाई की पुत्री C). माता के भाई की पत्नी D). माता के भाई की पुत्री

Correct Answer: D

**Q.77** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

2 6 12 20 30 ?

Ans A). 42 B). 40 C). 44 D). 38

Correct Answer: A

**Q.78** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CREW' को '3685' के रूप में और 'WEAR' को '5816' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा?

Ans A). 5 B). 1 C). 3 D). 6

Correct Answer: B

**Q.79** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TEN YIS DMX IQC ?

Ans A). OUG B). MTG C). NUH D). OVI

Correct Answer: C

**Q.80** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
29 ÷ 17 + 606 × 3 − 359 = ?

Ans A). 650 B). 638 C). 660 D). 649

Correct Answer: A

**Q.81** 2026 में "मिशन समंदर" के अंतर्गत, श्रीलंका और भारत के बीच 29-km लंबे पाक जलडमरूमध्य को पार करने वाले सबसे युवा तैराक कौन बने?

Ans A). दिव्यांश पटेल B). आदित्य वर्मा C). इशांक सिंह D). आर्यन शर्मा

Correct Answer: C

**Q.82** "राइट्स. जस्टिस. एक्शन. फॉर ऑल वीमेन एंड गर्ल्स (Rights. Justice. Action. For ALL Women and Girls)" थीम, मार्च 2026 में मनाए गए किस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन (observance) से संबंधित है?

Ans A). इंटरनेशनल डे ऑफ द गर्ल चाइल्ड (International Day of the Girl Child) B). वर्ल्ड सोशल जस्टिस डे (World Social Justice Day)
C). इंटरनेशनल वीमेन्स डे (International Women's Day) D). इंटरनेशनल यूथ डे (International Youth Day)

Correct Answer: C

**Q.83** "विकसित भारत - G RAM G अधिनियम, 2025," जो केंद्रीय बजट 2026-27 में मुख्य नीतिगत फोकस (policy focus) बन गया, मुख्यतः किस पूर्व ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना का स्थान लेता है?

Ans A). महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम B). राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन C). दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना
D). प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना

Correct Answer: A

**Q.84** किस मंत्रालय ने नवंबर 2025 में इंडियाएआई मिशन 2025 के तहत "युवा एआई फॉर ऑल (YUVA AI for ALL)" नामक निःशुल्क पाठ्यक्रम शुरू किया था?

Ans A). शिक्षा मंत्रालय B). विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय C). इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय D). कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

Correct Answer: C

**Q.85** निम्नलिखित में से किस लेखक ने 'द सेज हू रीइमैजिन्ड हिंदूइज्मः द लाइफ, लेसन्स एंड लेगेसी ऑफ श्री नारायण गुरु' (The Sage who Reimagined Hinduism: The Life, Lessons and Legacy of Sree Narayana Guru) पुस्तक लिखी है? फरवरी 2026 में विमोचित यह पुस्तक भारत की आध्यात्मिक और सुधारवादी परंपराओं के स्थायी प्रभाव का अन्वेषण करती है।

Ans A). डॉ. शशि थरूर B). श्री नारायण गुरु C). सी. पी. राधाकृष्णन D). आदि शंकराचार्य

Correct Answer: A

**Q.86** 2026 में, भारत सरकार ने मुख्य रूप से किस SDG को बढ़ावा देने के लिए हरित हाइड्रोजन पहलों को प्रोत्साहित किया?

Ans A). SDG 7 – सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा B). SDG 10 – असमानताओं में कमी C). SDG 15 – भूमि पर जीवन D). SDG 2 – भूख से मुक्ति

Correct Answer: A

**Q.87 फरवरी 2026 में, प्रधानमंत्री मोदी ने सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास के एक भाग के रूप में नई दिल्ली में नए प्रशासनिक परिसरों का उद्घाटन किया। इन परिसरों के नाम क्या हैं और इनमें किन कार्यालयों/निकायों को रखा गया है?**

Ans A). भारत भवन; इसमें केवल रक्षा मंत्रालय स्थित है

B). सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन; इसमें प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), मंत्रिमंडल सचिवालय, और प्रमुख मंत्रालय स्थित हैं

C). लोक कल्याण मार्ग; इसमें प्रधानमंत्री निवास और कार्यालय स्थित हैं

D). स्वर्ण मंदिर; इसमें वित्त मंत्रालय और RBI स्थित हैं

Correct Answer: B

**Q.88 मई 2026 में, DRDO ने TARA हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक प्रथम उड़ान परीक्षण किया। इस स्वदेशी प्रणाली का प्राथमिक कार्य क्या है?**

Ans A). अनिर्देशित वारहेड को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने वाली एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट

B). पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल की एक नई क्लास

C). अत्यधिक ऊंचाई पर निगरानी के लिए एक उन्नत ड्रोन

D). जहाज-रोधी ऑपरेशनों के लिए एक हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल

Correct Answer: A

**Q.89 मई 2026 में किस भारतीय राज्य ने पहले बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास प्रगति (PRAGATI) की मेजबानी की?**

Ans A). मेघालय B). असम C). नागालैंड D). बिहार

Correct Answer: A

**Q.90 मई 2026 में उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'द लाइब्रेरी मैन ऑफ इंडिया: द स्टोरी ऑफ पी. एन. पणिक्कर (The Library Man of India: The Story of P.N. Panicker)' किसने लिखी थी?**

Ans A). पी. पी. सत्यन B). शशि थरूर C). सी. राधाकृष्णन D). एम. टी. वासुदेवन नायर

Correct Answer: A

**Q.91 फरवरी 2026 में फ्रांस के लिविन (Liévin) में आयोजित इनडोर एथलेटिक्स मीट में, किस एथलीट ने महिलाओं की इनडोर 800 मीटर दौड़ (women's indoor 800 metres) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और 2002 से चले आ रहे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया?**

Ans A). जॉर्जिया हंटर बेल (Georgia Hunter Bell) B). रोइसिन विलिस (Roisin Willis) C). कीली हॉजकिन्सन (Keely Hodgkinson)

D). ऑड्रे वेरो (Audrey Werro)

Correct Answer: C

**Q.92 भारत में लघु व्यवसायों का समर्थन करने के लिए केंद्रीय बजट 2026 में कौन-सा प्रमुख वित्तीय सुधार शुरू किया गया था?**

Ans A). सेवा प्रदाताओं के लिए GST दरों में वृद्धि करना

B). वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए प्रत्यक्ष कर स्लैब में संशोधन करना

C). बड़े निगमों के लिए निर्यात प्रोत्साहन शुरू करना

D). ₹10,000 करोड़ के परिव्यय से SME संवृद्धि निधि

Correct Answer: D

**Q.93 केंद्रीय बजट 2026–27 में घोषित, निम्नलिखित में से किस पहल का उद्देश्य, अगले दशक में भारत के खेल इकोसिस्टम को बदलना है?**

Ans A). यूथ स्किलिंग कैंपेन (Youth Skilling Campaign)

B). नेशनल स्पोर्ट्स एक्सीलेंस प्रोग्राम (National Sports Excellence Programme)

C). खेलो इंडिया मिशन (Khelo India Mission)

D). स्पोर्ट्स टैलेंट नर्चरिंग (Sports Talent Nurturing)

Correct Answer: C

**Q.94 2026 के विंटर ओलंपिक्स, जिन्हें आधिकारिक तौर पर मिलानो कोर्टिना 2026 ओलंपिक विंटर गेम्स (Milano Cortina 2026 Olympic Winter Games) के नाम से जाना जाता है, किस देश में आयोजित किए गए थे?**

Ans A). इटली B). ऑस्ट्रिया C). फ्रांस D). स्विट्जरलैंड

Correct Answer: A

**Q.95 आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 और विश्व बैंक के मूल्यांकन के अनुसार, निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में भारत किस क्षेत्र में विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल था?**

Ans A). स्वर्ण उत्पादन B). कृषि निर्यात वृद्धि C). बुनियादी ढांचे में निजी निवेश D). विदेशी पर्यटकों की संख्या

Correct Answer: C

**Q.96 अप्रैल 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से किस नियामक प्राधिकरण ने, पेंशन क्षेत्रक में मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय खुफिया इकाई–भारत (FIU-India) के साथ एक व्यापक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?**

Ans A). भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड B). बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण C). भारतीय रिजर्व बैंक D). पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

Correct Answer: D

Q.97 परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत किस स्वायत्त अनुसंधान संस्थान ने भारत के 21 राज्यों के सभी 593 जिलों में गरीबी पर अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा और बढ़ते तापमान जैसे जलवायु-आघातों (climate shocks) के प्रभाव का विश्लेषण करते हुए 2026 का अपनी तरह का पहला अध्ययन किया था?

Ans A). राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान संस्थान B). राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान C). भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद D). भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान

Correct Answer: B

Q.98 स्वदेशी उपकरण के प्रदर्शन के माध्यम से, PRAGATI 2026 के साथ किस सरकारी पहल को प्रदर्शित किया गया था?

Ans A). स्टार्टअप इंडिया B). डिजिटल इंडिया C). राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन D). आत्मनिर्भर भारत

Correct Answer: D

Q.99 हाल ही में किस देश ने भारत के 45वें अंटार्कटिक अभियान के हिस्से के रूप में मैत्री अनुसंधान केंद्र (Maitri Research Station) में शामिल होकर वैज्ञानिक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है?

Ans A). कतर B). सऊदी अरब C). ओमान D). संयुक्त अरब अमीरात

Correct Answer: D

Q.100 अप्रैल 2026 में, उत्तर प्रदेश में किस संरक्षित क्षेत्र को आधिकारिक तौर पर आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए भारत के 99वें रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया था?

Ans A). नल सरोवर पक्षी अभयारण्य B). शेखा झील पक्षी अभयारण्य C). केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान D). सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान

Correct Answer: B

"